**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL DAMMAM**
**MIDDLE SECTION, TERM – II WORKSHEET (2023-2024)**

**CLASS –VII** **SUBJECT- HINDI**

| |
|---|
| P11-रहीम के दोहे, P13-एक तिनका, L14-खानपान की बदलती तसवीर, L15-नीलकंठ, L18-संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाज हो गया, L19-आश्रम का अनुमानित व्यय ।<br>व्याकरणः- पर्यायवाची शब्द, वाक्यांश बोधक, शब्द व वाक्य शुद्धिकरण, पठित व अपठित गद्यांश व पठित पद्यांश, अनुच्छेद लेखन (जब मैं पहली बार वायुयान में बैठा/बैठी), पत्र लेखन (अनौपचारिक), सर्वनाम, निर्देशानुसार |

**प्रश्नः-01-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

मनुष्य का जीवन संघर्षों से भरा है। यदि जीवन में संघर्ष और असफलता न हो, तो सफलता के आनंद की सच्ची अनुभूति भी नहीं हो सकती। पराजय होने पर भाग्य को दोष देना, पतन की ओर ले जाता है। यदि सच्ची लगन हो और असफलता के कारणों को ढूँढ़कर नए उत्साह के साथ ईमानदारी से प्रयास जारी रखें, तो सफलता मिलना निश्चित है। कहा जाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता। निरंतर संघर्ष करने वाला व्यक्ति ही पूरी तरह निखरता है और अंत में विजय प्राप्त करने में सफल होता है। दूसरी ओर मन से हार जाने वाला व्यक्ति आरंभ से ही ग़लत तर्क गढ़ने लग जाता है और आलसी बनकर अपने भाग्य और जीवन को कोसता रहता है।

1. **मनुष्य का जीवन किससे भरा है?**

क. मनुष्य का जीवन असफलता से भरा है।

ख. मनुष्य का जीवन संघर्षों से भरा है।

ग. मनुष्य का जीवन सच्ची लगन से भरा है।

घ. मनुष्य का जीवन इच्छा शक्ति से भरा है।

2. **कैसा मनुष्य कभी असफल नहीं होता?**

क. दृढ़ इच्छाशक्ति वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता।

ख. पराजय होने वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता।

ग. ग़लत तर्क गढ़ने वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता।

घ. भाग्य को दोष देने वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता।

**3. आलसी व्यक्ति किसे कोसता रहता है?**

क. आलसी व्यक्ति असफलता को कोसता रहता है।

ख. आलसी व्यक्ति संघर्ष को कोसता रहता है।

ग. आलसी व्यक्ति अपने भाग्य और जीवन को कोसता रहता है।

घ. आलसी व्यक्ति आलस को कोसता रहता है।

**4. उत्साह और ईमानदारी से प्रयत्न करने पर क्या मिलती है?**

क. उत्साह और ईमानदारी से प्रयत्न करने पर सफलता मिलती है।

ख. उत्साह और ईमानदारी से प्रयत्न करने पर पराजय मिलती है।

ग. उत्साह और ईमानदारी से प्रयत्न करने पर असफलता मिलती है।

घ. उत्साह और ईमानदारी से प्रयत्न करने पर सच्ची लगन मिलती है।

**5. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।**

क. संघर्ष द्वारा ईमानदारी

ख. संघर्ष द्वारा असफलता

ग. संघर्ष द्वारा भाग्य

घ. संघर्ष द्वारा सफलता

**प्रश्नः-2 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

बड़े मियाँ के भाषण की तूफ़ान मेल के लिए कोई निश्चित स्टेशन नहीं है। सुननेवाला थककर जहाँ रोक दे वहीं स्टेशन मान लिया जाता है। इस तथ्य से परिचित होने के कारण ही मैंने बीच में उन्हें रोककर पूछा, "मोर के बच्चे हैं कहाँ?" बड़े मियाँ के हाथ के संकेत का अनुसरण करते हुए मेरी दृष्टि एक तार के छोटे-से पिंजड़े तक पहुँची जिसमें तीतरों के समान दो बच्चे बैठे थे। पिंजड़ा इतना संकीर्ण था कि वे पक्षी-शावक जाली के गोल फ्रेम में किसी जड़े चित्र जैसे लग रहे थे।

**1. उपरोक्त गद्यांश किस शैली में लिखा गया है?**

क. संस्मरण ख. निबंध ग. रेखाचित्र घ. कहानी

**2. उपर्युक्त गद्यांश के लेखक हैं-**

क. शिव प्रसाद सिंह ख. नागार्जुन ग. यतीश अग्रवाल घ. महादेवी वर्मा।

**3. बड़े मियाँ कौन थे?**

क. एक शिकारी
ख. पक्षियों के लिए पिंजड़ा बेचनेवाला
ग. पक्षियों के बच्चों को बेचने वाला
घ. पक्षियों के लिए दाना बेचनेवाला

**4. बड़े मियाँ के भाषण की तुलना किससे की गई है?**

क. स्वतंत्रता सेनानियों से
ख. तूफ़ान मेल से
ग. प्रकृति प्रेमियों से
घ. जल्लादों से

**5. बड़े मियाँ ने लेखिका को मोर के बच्चों को कैसे दिखाया?**

क. हाथ में लाकर
ख. हाथ जोड़कर
ग. पिंजड़े में लाकर
घ. हाथ के इशारे से

**प्रश्नः-3 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन -सा,

लाल होकर आँख भी दुखने लगी।

**1. कवि कहाँ खड़ा था?**

(क) सीढ़ियों पर (ख) मुंडेर पर (ग) छत पर (घ) इनमें से कोई नही

**2. तिनका कहाँ से उड़कर आया था?**

(क) पास की छत से (ख) पैरों के तले से (ग) खेतों के पास से (घ) कहीं दूर से

**3. तिनका कहाँ आ गिरा?**

(क) कवि के पैर पर (ख) कवि की नाक पर

(ग) कवि की आँख में (घ) कवि के सिर पर

**4. आँख में तिनका जाने पर क्या हुआ?**

(क) आँख दुखने लगी (ख) आँख लाल हो गई

(ग) वह दर्द से परेशान हो गया (घ) उपर्युक्त सभी

**5.निम्नलिखित में से कौन 'एक तिनका' शीर्षक कविता के कवि हैं?**

(क) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ख) भगवती प्रसाद वाजपेयी

(ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध (घ) महादेवी वर्मा

**प्रश्नः-4 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

1. ऐंठ बेचारी दबे ------------------- भगी। (पाँवों / हाथों )
2. तब ------------------- ने यों मुझे ताने दिए। (लोगों / समझ )
3. घमंड शब्द का अर्थ -------------------- है- (बेचैन / अहंकार )
4. 'टू मिनट्स नूडल्स से ----------------- सभी परिचित हो चुके हैं। (जवान / बच्चे-बूढ़)
5. पूड़ियाँ - कचौड़ियाँ और -------------- अब बाज़ारों से ग़ायब हो रही हैं। (जलेबियाँ/चॉकलेट)
6. लेखिका ने मोरनी के लिए बड़े मियाँ को ------------ रुपये दिए । (तीस/सात )
7. हिंसक पक्षी --------------- है। (चील/मोर)

8. धनराज पिल्लै को पहली पुरानी स्टिक ----------- ने दी थी। (बड़े भाई, छोटे भाई)

9. धनराज पिल्लै का साक्षात्कार जब लिया गया, तब उनकी आयु -------------- थी। (पैंतीस, सैतींस)

10.'मीत' शब्द का अर्थ है-------------(मित्र / शत्रु)

11. 'जल' का पर्यायवाची शब्द है- -------------- (आग/पानी)

12. दोहे --------------- पंक्तियों में लिखे जाते हैं । (चार / दो)

13.आश्रम में ------------ पुस्तकें रखने की बात हो रही थी। (3000/300)

14. आश्रम में ------------- रसोईघर बनाने का लेखा-जोखा था।(पाँच/ तीन)

**प्रश्नः-5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-**

1. उपलब्ध - ----------------
2. विविध- --------------------------
3. व्यंजन - ----------------------
4. जटिल - ---------------------------
5. दुर्भाग्य ----------------------
6. तुनुकमिज़ाज -----------------------
7. कृत्रिम - -------------------
8. कद्र - --------------------------------
9. पक्षीशावक - ----------------
10. संकीर्ण- ---------------------------
11. आविर्भूत- -----------------
12. मार्जारी- ----------------------------
13. व्यवस्था- -------------------
14. अतिरिक्त - ---------------------------
15. संभावना --------------------

**प्रश्नः-6 निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिएः-**

1. संभावना- .................................................................
2. अतिरिक्त- .................................................................
3. व्यंजन- ......................................................................
4. जटिल -......................................................................
5. कद्र -...........................................................................
6. असुरक्षित- ..........................................................................

7. संकीर्ण-...........................................................................

8. अनुसरण..........................................................................

**प्रश्नः-7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिएः-**

1. एक दिन कवि घमंडों में भरे कहाँ खड़े थे?
2. तिनका पड़ने के बाद घमंडी की आँख कैसी हो गई?
3. मोर के पंजों से क्या बनती है?
4. साँप ने किसे पकड़ लिया था?
5. राधा ने कितने अंडे दिए थे?
6. आश्रम में खेती के लिए कितने लोगों की आवश्यकता थी?
7. दक्षिण अफ्रीका से लौटकर गांधी जी ने किस आश्रम की स्थापना की थी?
8. बढ़ईगिरी के औजारों पर कुल कितना खर्च आएगा?
9. स्थानीय व्यंजन को क्या कहकर पुकारते है?
10. ढोकला - गठिया कहाँ के व्यंजन हैं?
11. आगरा के स्थानीय व्यंजन का नाम क्या है?
12. धनराज की कद- काठी कैसी थी?
13. महाराष्ट्र सरकार ने धनराज को ईनाम में क्या दिया?
14. धनराज की प्रेरणा का स्त्रोत कौन थीं?

**प्रश्नः-8 निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों से शुद्ध शब्द चुनिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | क) सीमित | ख) सिमित | ग) सीमीत | घ) सिमीत |
| 2. | क) मीश्रित | ख) मिश्रित | ग) मिश्रीत | घ) मीश्रीत |
| 3. | क) निशचेष्ट | ख) निश्चेषट | ग) निचेशष्ट | घ) निश्चेष्ट |
| 4. | क) सपष्ट | ख) स्पषट | ग) स्पष्ट | घ) सपषट |
| 5. | क) आक्रामक | ख) अक्रामक | ग) अर्कामक | घ) आकाम्रक |

6. क) तकलीफ़ ख) तक्लीफ़ ग) तकलिफ़ घ) त्कलीफ़

7. क) ओसतन ख) औसतन ग) औस्तन घ) औसत्न

8. क) व्यवसथा ख) वयवस्था ग) वय्वस्था घ) व्यवस्था

**प्रश्नः-9 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों से शुद्ध वाक्य चुनिए-**

1. क) मुगल गार्डन में अनेक गुलाब खिला है। ख) वर्षा ऋतु बहुत गंदा होता है।
   ग) मुझको आज गोवा जाना है। घ) सेब काटकर बच्चे को खिलाओ।

2. क) एक गरम कप चाय पिलाओ। ख) सड़क में मत भागो।
   ग) मेरे माता जी कल आएँगी। घ) तुम अपने घर चले जाओ।

3. क) मैंने गरम भैंस का पिया दूध| ख) मैंने भैंस का गरम दूध पिया।
   ग) गरम भैंस का दूध पिया मैंने। घ) दूध भैंस का गरम पिया मैंने।

4. क) मैं सोमवार के दिन मिलूँगी। ख) मैं सोमवार में मिलूँगी।
   ग) मैं सोमवार पर मिलूँगी। घ) मैं सोमवार को मिलूँगी।

5. क) पिताजी कुर्सी में बैठे हैं। ख) पिताजी कुर्सी से बैठे हैं।
   ग) पिताजी कुर्सी पर बैठे हैं। घ) पिताजी कुर्सी को बैठे हैं।

**प्रश्नः-10 निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के उचित सर्वनाम के भेद पहचान कर लिखिए:-**

1. दरवाजे पर **<u>कोई</u>** खड़ा है।

क) पुरुषवाचक सर्वनाम ख) निश्चयवाचक सर्वनाम

ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम घ) संबंधवाचक सर्वनाम

2. **<u>जैसी</u>** करनी, **<u>वैसी</u>** भरनी।

क) संबंधवाचक सर्वनाम
ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
घ) संबंधवाचक सर्वनाम

3. **<u>यह</u>** बहुत प्यारा है।

क) पुरुषवाचक सर्वनाम
ख) संबंधवाचक सर्वनाम
ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) निश्चयवाचक सर्वनाम

4. **<u>तुम</u>** अपनी सेहत का ख्याल रखो।

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम
ख) निजवाचक सर्वनाम
ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

5. तालाब में **<u>कुछ</u>** तैर रहा है।

क) निश्चयवाचक सर्वनाम
ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
ग) संबंधवाचक सर्वनाम
घ) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

6. **<u>मैं</u>** प्रतिदिन भ्रमण पर जाती हूँ।

क) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
ग) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) संबंधवाचक सर्वनाम

7. **<u>इसने</u>** गाया था।

क) संबंधवाचक सर्वनाम
ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम

8. **<u>जो</u>** करता है, **<u>सो</u>** भरता है।

क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
ख) संबंधवाचक सर्वनाम

ग) पुरुषवाचक सर्वनाम

घ) निजवाचक सर्वनाम

9. मैं **<u>खुद</u>** पढ़ लूँगा।

क) निजवाचक सर्वनाम

ख) निश्चयवाचक सर्वनाम

ग) संबंधवाचक सर्वनाम

घ) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

10. **<u>कौन</u>** शोर मचा रहा है?

क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ख) निश्चयवाचक सर्वनाम

ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम

घ) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

11. वह **<u>स्वयं</u>** चला जाएगा।

क) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

ख) संबंधवाचक सर्वनाम

ग) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

घ) निजवाचक सर्वनाम

12. वह **<u>किसे</u>** ढूँढ़ रहा था?

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम

ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ग) संबंधवाचक सर्वनाम

घ) निजवाचक सर्वनाम

13. **<u>वह</u>** बहुत नटखट लड़का है।

क) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

ख) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

ग) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

घ) निश्चयवाचक सर्वनाम

**प्रश्नः11- निम्नलिखित शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द चुन कर लिखिए :-**

**1. कान - (क) केश,कच (ख) ध्वज,पताका (ग) सुआ,शुक (घ) कर्ण, श्रुति**

**2. दूध - (क) लालसा,अभिलाषा (ख) गोरस ,पय (ग) कर्ण,श्रुति (घ) दुर्ग ,कोट**

**3. झंडा - (क) ध्वज,पताका (ख)हिस्सा,भाग (ग) केश,कच (घ) भार्या,दारा**

**4. दीन - (क) गोरस,पय (ख)पानी,नीर (ग)गरीब ,रंक (घ) हिस्सा,भाग**

**5. चतुर - (क) कुशल,सयाना (ख)रसाल,सहकार (ग)सुआ,शुक (घ) भार्या, दारा**

**NOTE- इसी प्रकार अन्य पर्यायवाची शब्दों का भी अभ्यास कीजिए।**

**प्रश्नः12- निम्नलिखित वाक्यों के सही वाक्यांश बोधक शब्द चुन कर लिखिए:-**

**1. जिसका आरंभ न हो - (क) आदि (ख) अनादि (ग) निराधार (घ) निर्दय**

**2. हित चाहने वाला - (क) हित (ख) अहितैषी (ग) हितैषी (घ) लोकप्रिय**

**3. जो दिखाई न दे - (क) अदृश्य (ख) दृश्य (ग) पारदर्शी (घ) दूरदर्शी**

**4. जिसे पढ़ा न गया हो - (क) अपठित (ख) पठित (ग) रठित (घ) पठनीय**

**5. जिसका वर्णन न किया जा सके - (क) वर्णनीय (ख) निवर्णनीय (ग) अवर्णनीय (घ) अकर्मण्य**

**NOTE- इसी प्रकार अन्य वाक्यांश बोधक शब्दों का भी अभ्यास कीजिए।**

**प्रश्नः13- 'जब मैं पहली बार वायुयान में बैठा/बैठी' विषय पर अनुच्छेद लिखिएः-**

**प्रश्नः14- अपने पिताजी को पत्र लिखकर वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के विषय में बताइए:-**

**Note: Learn Question answers from Notebook and read Text book thoroughly**